   (b) Are personal laws 'law' for the purposes of Part III of the Constitution ? Discuss with reference to leading case law.

   (c) What is meant by 'individual responsibility' and 'collective responsibility' of the Council of Ministers ? What would be the consequences of 'individual responsibility' in case a Minister of the Government is found guilty of tort of misfeasance by the Supreme Court of India ? Comment.

खण्ड क

1. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए (प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों का हो) : *12×5=60*

(क) "विधायी सूचियों की प्रविष्टियाँ विधायी संघटकों का स्रोत नहीं हैं, वे केवल विधान क्षेत्रों का अभ्यंकन करती हैं । अब यह पूर्णतया निर्णीत विधि है कि इन प्रविष्टियों का अर्थान्वयन इतना उदार और विस्तृत होना चाहिए कि वे उस उद्देश्य को प्राप्त कर सकें जिसके निमित्त उनका अधिनियमन किया गया है । प्रविष्टियों के संकीर्ण निर्वचन से उनके लक्षण की प्राप्ति नहीं हो सकती, क्योंकि इन प्रविष्टियों का लेखन प्रायः इतना सटीक नहीं हो पाता कि उनमें सभी विषयों का समावेश बिना किसी अतिव्याप्ति के हो सके।" संविधान की सातवीं अनुसूची में समाविष्ट विधायी प्रविष्टियों के संदर्भ में उपर्युक्त वक्तव्य का समीक्षात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

(ख) संविधान के तृतीय भाग के अनुसार स्वीय विधि क्या 'विधि' है ? प्रमुख विधिक निर्णयों के संदर्भ में चर्चा कीजिए ।

(ग) मंत्रिमंडल के 'व्यक्तिगत दायित्व' तथा 'सामूहिक दायित्व' से क्या अभिप्राय है ? भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सरकार के किसी मंत्री को अपकरण के उपकृत्य का दोषी ठहराए जाने की स्थिति में 'व्यक्तिगत दायित्व' के क्या परिणाम होंगे ? टिप्पणी कीजिए ।

(d) What is the justification behind the Pardoning power of the President of India under Article 72 of the Constitution ? Discuss with reference to Supreme Court cases the extent to which the exercise of this power can be subjected to judicial review.

(e) Do you agree with the statement that 're-looking of the process of delegated legislation is necessary particularly in context to substantial amount of public participation ?' Comment critically.

2. (a) What do you understand by the term 'Constitutional Conventions' ? Are they are relevant in a country like India having a lengthy written constitution with preamble ? *20*

(b) "Contempt of Court is a power inherent to a court of record." In this regard discuss the sweep of power of the Supreme Court and the High Courts to punish their contempt. Also examine the defences of 'fair criticism' and 'truth' in the light of Contempt of Courts Act, 1971. *20*

(c) In what circumstances and for violation of which rights can monetary compensation be awarded to the victims ? What is your view for adopting such an approach by judiciary ? Analyse critically. *20*

(घ) संविधान के अनुच्छेद 72 के अन्तर्गत प्रदत्त भारत के राष्ट्रपति की क्षमादान की शक्ति का क्या न्यायोचित्य है ? सर्वोच्च न्यायालय की निर्णयज विधि के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए कि राष्ट्रपति की इस शक्ति का न्यायिक पुनर्विलोकन किस सीमा तक किया जा सकता है ?

(ङ) क्या आप इस कथन से सहमत हैं कि 'विशेषतः ठोस जनभागीदारी के परिप्रेक्ष्य में प्रत्यायोजित विधान की प्रक्रिया का पुनरावलोकन अनिवार्य होता है' ? समीक्षात्मक टिप्पणी कीजिए ।

2. (क) 'सांविधानिक अभिसमयों' से क्या तात्पर्य है ? उद्देशिका सहित एक लिखित बृहत् संविधान वाले भारत जैसे देश में क्या उनकी कोई सुसंगति है ? *20*

(ख) "न्यायालय की अवमानना की शक्ति अभिलेख-न्यायालय की निहित शक्ति है ।" इस संदर्भ में सर्वोच्च और उच्च न्यायालयों की अपनी अवमानना के लिए दंड देने की व्यापक शक्ति का विवेचन कीजिए । साथ ही, न्यायालय अवमानना अधिनियम, 1971 के आलोक में 'उचित आलोचना' और 'सत्य' सम्बन्धी प्रतिवादों का परीक्षण भी कीजिए । *20*

(ग) किन परिस्थितियों में तथा किन अधिकारों के उल्लंघन की स्थिति में पीड़ितों को नक़द मुआवज़े का आदेश दिया जा सकता है ? न्यायपालिका द्वारा इस प्रकार की नीति अपनाए जाने के विषय में आपका क्या विचार है ? समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए । *20*

3. (a) With special reference to the landmark judgments of the Supreme Court of India, discuss the effect of relegation of the right to property from being a fundamental right to a constitutional right. Also suggest the changes required to be made in the Land Acquisition Act, 1894. *20*

(b) In the presence of institutions like Competition Commission of India and Telecom Regulatory Authority of India, where policy making and adjudicatory functions are fused, comment on the significance of the doctrine of separation of powers in the contemporary Indian scenario. *20*

(c) Is there any difference between 'Right to information' and 'Right to be informed' ? Do we have any provision in the Constitution in this regard ? Discuss with reference to case law. *20*

4. Write critical notes on the following : *20×3=60*

(a) Doctrine of Legitimate Expectation

(b) Institution of Local Self Government

(c) Modern progressive approach of the principles of natural justice

3. (क) भारत के सर्वोच्च न्यायालय के महत्त्वपूर्ण निर्णयों के विशिष्ट संदर्भ में संपत्ति के अधिकार की मौलिक अधिकार से संवैधानिक अधिकार होने की हीनतर हैसियत के प्रभाव का विवेचन कीजिए । साथ ही यह भी बताइए कि आप 'भूमि अर्जन अधिनियम, 1894' में क्या संशोधन करना चाहेंगे । *20*

(ख) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण तथा भारतीय प्रतियोगिता आयोग जैसी संस्थाओं के होते हुए, जिनमें नीति-निर्धारण एवं न्याय-निर्धारण के कृत्यों का संमिश्रण होता है, समसामयिक भारतीय परिदृश्य में शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धान्त के महत्त्व पर टिप्पणी कीजिए । *20*

(ग) क्या 'सूचना का अधिकार' तथा 'सूचित किए जाने का अधिकार' के बीच कोई अन्तर है ? क्या संविधान में इस सम्बन्ध में कोई प्रावधान है ? निर्णयज विधि का उल्लेख करते हुए विवेचन कीजिए । *20*

4. निम्नलिखित पर आलोचनात्मक टिप्पणियाँ लिखिए : *20×3=60*

(क) विधिसम्मत प्रत्याशा का सिद्धान्त

(ख) स्थानीय स्वशासी सरकार संस्थान

(ग) नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्तों के प्रति आधुनिक प्रगतिशील दृष्टि

SECTION B

5. Answer the following (each answer should be in about 150 words) : *12×5=60*

(a) It is often said that customary international law is earlier to apply than to define. What are the inherent problems in defining 'custom' and how can a custom be considered as a source of international law ?

(b) With reference to the relationship between international law and municipal law, discuss the 'transformation' and 'specific adoption' theories. How can these two theories be harmonised with reference to States' obligations under relevant international law.

(c) Identify and comment on the three major grounds for a State party to avoid its treaty obligations.

(d) "The rules of the humanitarian law of war have clearly acquired the status of '*jus cogens*', for they are the fundamental rules of a humanitarian character, from which no derogation is possible without negating the basic considerations of humanity which they are intended to protect." Evaluate the above statement and also point out the major distinction between humanitarian law and law relating to human rights.

(e) Do you agree with the statement that 'United Nations is a World Government' ? Give reasons for your answer.

खण्ड ख

5. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए (प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों का हो) : *12×5=60*

(क) प्रायः ऐसा कहा जाता है कि रूढ़िजन्य अन्तर्राष्ट्रीय विधि को परिभाषित करने की अपेक्षा उसे लागू करना आसान है । 'रूढ़ि' को परिभाषित करने के दौरान आने वाली समस्याओं का वर्णन करते हुए बताइए कि उसे अन्तर्राष्ट्रीय विधि का स्रोत कैसे माना जाए ?

(ख) अन्तर्राष्ट्रीय विधि तथा देशीय विधि के अन्तः सम्बन्ध के संदर्भ में 'रूपांतरण' और 'विनिर्दिष्ट अंगीकार' सिद्धांतों का विवेचन कीजिए । उचित अन्तर्राष्ट्रीय विधि के प्रति राष्ट्रों के उत्तरदायित्वों के संदर्भ में इन दोनों सिद्धांतों के बीच सामंजस्य किस प्रकार किया जा सकता है ?

(ग) ऐसी तीन प्रमुख स्थितियों का उल्लेख कीजिए जिनके आधार पर कोई देश किसी संधि के प्रति अपनी बाध्यताओं से बच सकता है ।

(घ) "युद्ध की मानवीय विधि के नियमों को *'अनल्पीकरणीय विधि'* का दर्जा प्राप्त हो चुका है, क्योंकि वे मानवीय चरित्र के मूलभूत नियम हैं, जिन्हें मानवरक्षा की मूल भावना को नकारे बिना अल्पीकृत नहीं किया जा सकता ।" उपर्युक्त वक्तव्य का मूल्यांकन करते हुए मानवीय विधि तथा मानवाधिकारों से सम्बन्धित विधि के बीच प्रमुख तात्त्विक अन्तर को स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) क्या आप इस कथन से सहमत हैं कि 'संयुक्त राष्ट्र एक विश्व सरकार है' ? अपने उत्तर के समर्थन में कारणों का उल्लेख कीजिए ।

6. (a) What is meant by right of national self determination of peoples and what is its role in the creation of a new State ? Critically examine how minority rights can be protected while balancing the territorial integrity of a State at the same time. 30

(b) 'Legal restraint on the use of force' is the fundamental postulate on which the conception of enforcement of peace is based upon in modern international law. Enumerate and elucidate various international legal instruments with the help of which this concept is actually practised. 30

7. (a) "With the exception of disputes of an exclusively legal character which are usually submitted to arbitration or judicial settlement, it is purely a matter of policy or expediency which of the different methods is to be adopted for composing a particular difference between States." Explain the different methods of peaceful dispute settlement envisaged by the United Nations Charter and examine the appropriateness of each in different situations. 30

(b) In the light of recent European crisis, critically assess the success of regional organisations of countries for cooperation in matters of trade and commerce. How far do geo-political proximities further economic cooperation ? 30

6. (क) राष्ट्रीय स्वयं निर्धारण के जनाधिकार का क्या अर्थ है तथा नए राज्य के निर्माण में इसकी क्या भूमिका है ? किसी राज्य की क्षेत्रीय अखंडता के संतुलन को बनाए रखते हुए अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा कैसे की जाए, आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए । *30*

(ख) आधुनिक अन्तर्राष्ट्रीय विधि के अन्तर्गत शान्ति-प्रवर्तन की संकल्पना के मूल में 'बल प्रयोग पर विधिक नियंत्रण' की मूल अभिधारणा है । इस अवधारणा के व्यावहारिक संप्रयोग में सहायक विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय विधिक प्रपत्रों को गिनाते हुए उनकी व्याख्या कीजिए । *30*

7. (क) "प्रायः माध्यस्थम् के समक्ष प्रस्तुत विशुद्ध रूप से विधिक प्रकृति के विवादों को छोड़कर, राष्ट्रों के बीच झगड़ों का समाधान या तो नीतिगत तौर पर किया जाता है या फिर व्यावहारिक समीचीनता के आधार पर ।" संयुक्त राष्ट्र चार्टर में उल्लिखित विवादों के शान्तिपूर्ण समाधान के विभिन्न उपायों की व्याख्या कीजिए तथा विभिन्न स्थितियों में प्रत्येक उपाय की उपयुक्तता का परीक्षण कीजिए । *30*

(ख) हाल के यूरोपीय संकट के प्रकाश में, व्यापार और वाणिज्य के मामलों में पारस्परिक सहयोग के लिए देशों के क्षेत्रीय संगठनों की सफलता का समीक्षात्मक मूल्यांकन कीजिए । आर्थिक सहयोग में भू-राजनीतिक निकटता की कितनी भूमिका रहती है ? *30*

8. (a) Having regard to the United Nations Convention on Law of Sea (UNCLOS-III), which came into force in 1994, and its two predecessor UN Conventions on the Law of the Sea, analyse how far these conventions have been able to effectively codify customary international law of sea. *30*

(b) Optional Protocol to the International Covenant on Economic, Social and Cultural Rights, 1966 providing an enforcement mechanism for individuals in the international sphere is a watershed moment for the enthusiasts of second generation rights. Discuss the proposed mechanism, its significance and viability. *30*

8. (क) 1994 से लागू समुद्र-विधि विषयक संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNCLOS-III) तथा उससे पहले के दो सं.रा. कन्वेंशनों को दृष्टि में रखते हुए विश्लेषण कीजिए कि ये कन्वेंशन प्रथागत अन्तर्राष्ट्रीय समुद्र-विधि को संहिताबद्ध करने में कहाँ तक सफल रहे हैं । *30*

(ख) अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में व्यष्टियों के अधिकारों को लागू करने की प्रविधि का प्रावधान करने वाली 1966 की आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों विषयक अन्तर्राष्ट्रीय प्रसंविदा का वैकल्पिक नयाचार द्वितीय पीढ़ी के अधिकारों के आग्रहियों के लिए एक युगान्तरकारी क्षण है । प्रस्तावित प्रक्रिया, उसके महत्त्व एवं व्यवहार्यता का विवेचन कीजिए । *30*

F-DTN-M-MBXA

विधि

प्रश्न-पत्र I

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 300

अनुदेश

प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्न संख्या **1** *और* **5** *अनिवार्य हैं । बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम* **एक** *प्रश्न चुनकर किन्हीं* **तीन** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं ।

महत्त्वपूर्ण : यह आवश्यक है कि जब भी किसी प्रश्न का उत्तर दे रहे हों, तब उस प्रश्न के सभी भागों/उप-भागों के उत्तर साथ-साथ दें । इसका अर्थ यह है कि अगले प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए आगे बढ़ने से पूर्व पिछले प्रश्न के सभी भागों/उप-भागों के उत्तर समाप्त हो जाएँ । इस बात का कड़ाई से अनुसरण कीजिए ।

उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़े हुए पृष्ठों को स्याही में स्पष्ट रूप से काट दें । खाली छूटे हुए पृष्ठों के बाद लिखे हुए उत्तरों के अंक न दिए जाएँ, ऐसा हो सकता है ।

Note : *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*

विधि

प्रश्न-पत्र—I

LAW

Paper—I

समय : तीन घंटे
Time Allowed : Three Hours

अधिकतम अंक : 250
Maximum Marks : 250

प्रश्न-पत्र सम्बन्धी अनुदेश

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश ध्यानपूर्वक पढ़ें।

कुल आठ (8) प्रश्न दो खण्डों में दिए गए हैं तथा वह हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में छपे हुये हैं।

परीक्षार्थी को कुल पांच प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न क्रमांक 1 एवं 5 अनिवार्य हैं। शेष प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम से कम एक प्रश्न चुनते हुए तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक प्रश्न के अंत में सूचित हैं।

प्रवेश-पत्र में प्राधिकृत माध्यम में उत्तर लिखना आवश्यक है तथा यह क्यूसीए (Question-cum-Answer) पुस्तिका में निर्दिष्ट जगह पर उल्लेख करना आवश्यक है। प्राधिकृत माध्यम के अलावा अन्य माध्यम में लिखे गये उत्तरों को अंक नहीं दिये जायेंगे।

प्रश्नों के उत्तर निर्दिष्ट किये गये शब्द संख्या के अनुसार होना चाहिए।

प्रश्नों के उत्तर क्रमिक विन्यास में गिने जायेंगे। नहीं काटे गए प्रश्न के उत्तर को भी गिनती में लिया जायेगा यद्यपि उसके उत्तर आंशिक रूप में दिए गए हों। उत्तर-पुस्तिका में कोई पन्ना या पन्ना के अंश अगर खाली हैं तो उसे/उन्हें स्पष्ट रूप से काट देना जरूरी है।

QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.

There are **EIGHT** questions divided in **Two Sections** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in chronological order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the answer book must be clearly struck off.

खण्ड—अ

SECTION—A

Q.1. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए (प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में होना चाहिए) :—

Answer the following (each answer should be in about 150 words) :— 10×5=50

Q. 1(a) निदेशक सिद्धान्तों के निर्वचन में क्या न्यायपालिका बाधक है या सहायक ? सर्वोच्च न्यायालय के विविध निर्णयन के आलोक में परीक्षण कीजिए।

Has judiciary been a hindrance or a facilitator in the interpretation of Directive Principles ? Examine in the light of various judgements of the Supreme Court. 10

Q. 1(b) "मौलिक कर्त्तव्य केवलमात्र नीतिशास्त्रीय या नैतिक कर्त्तव्य हैं एवं इन्हें मौलिक नियम का एक अंग नहीं बनना चाहिए।" टिप्पणी कीजिए।

"Fundamental duties are only ethical or moral duties and should not form a part of the fundamental law." Comment. 10

Q. 1(c) क्या 'वाणिज्यिक विज्ञापन' 'भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' की परिधि के अंतर्गत समाविष्ट है ? मुख्य मुकदमों की सन्दर्भसहित चर्चा कीजिए।

Is 'Commercial advertisement' covered within the ambit of 'freedom of speech and expression' ? Discuss with reference to leading cases. 10

Q. 1(d) धारा 16(4) को हटाने के संशोधन एवं समाज के पिछड़े वर्ग को सेवाओं में आरक्षण देने का नियम बनाने के लिये राज्य को प्राधिकृत करने की संवैधानिक आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए।

Critically examine the constitutional validity of an amendment deleting Article 16(4) and authorising the State to make job reservation in favour of the backward classes of citizens. 10

Q. 1(e) संविधान के अधीन समानता का सिद्धांत एक गैर-कानूनी कार्य को वैध ठहराने के लिए प्रयोग नहीं किया जा सकता। क्या अन्य नीतिविरुद्ध को औचित्यपूर्ण करने के लिए समानता की सहायता ली जा सकती है ? वादों के सन्दर्भ में आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Doctrine of equality under the Constitution cannot be applied to legitimise an illegal act. Can equality be invoked to justify another wrong ? Critically examine with reference to cases. 10

Q. 2(a) क्या आप इस मत से सहमत हैं कि "समानता स्वेच्छा का वैपरीत्य है ? वास्तव में समानता एवं स्वेच्छाचारिता अधिष्ठित दुश्मन हैं" ? आलोचनात्मक टिप्पणी कीजिए।

Do you agree with the view that "Equality is antithesis of arbitrariness. In fact equality and arbitrariness are sworn enemies" ? Comment critically. 25

Q. 2(b) "भारतीय संविधान केवल शासकीय कार्यकलापों के त्रि-विभाग में विभाजन का स्वाक्षर करता है एवं इसके सार्वभौमिक कठोरता में अधिकार पृथक्करण के सिद्धांत में नहीं।" टिप्पणी कीजिए।

"The Constitution of India merely subscribes to three-fold division of gubernatorial functions and not to the doctrine of separation of powers in its absolute rigidity." Comment. 25

Q. 3(a) प्रस्तावना (भूमिका) में विनिर्दिष्ट लक्ष्य हमारे संविधान की मौलिक संरचना में अन्तर्भुक्त हैं जिनका धारा 368 के अधीन संशोधन नहीं किया जा सकता। प्रमुख वादों के संदर्भ में विस्तृत चर्चा कीजिए।

The goals specified in the Preamble contain basic structure of our Constitution, which cannot be amended under Article 368. Elaborate in context of leading cases. 25

Q. 3(b) आपातकाल की सरकारी घोषणा के दुष्प्रयोग को रोकने के लिए संवैधानिक संशोधन (44^{th}) द्वारा कौनसी निर्बंधनों का प्रावधान किया गया है ? चर्चा कीजिए।

What restrictions have been imposed by the Constitutional Amendment (44^{th}) to check misuse of proclamation of emergency ? Discuss. 25

Q. 4. निम्नलिखित पर आलोचनात्मक टिप्पणियां लिखिए :—

Write critical notes on the following :— **50**

Q. 4(a) अवशिष्ट अधिकार।

Residuary Powers. 15

Q. 4(b) क्या धारा 19 के उल्लंघन हेतु निवारक निरोध से सम्बन्धित नियम को चुनौती दी जा सकती है ?

Whether law relating to preventive detention can be challenged for violation of Article 19 ? 15

Q. 4(c) समान सिविल संहिता की पुर:स्थापना।

Introduction of Uniform Civil Code. 20

खण्ड—ब

SECTION—B

Q. 5(a) "अन्तर्राष्ट्रीय वैधिक नियमों का घरेलू विधियों में बढ़ते हुए अनुगमन के कारण अन्तर्राष्ट्रीय एवं नगरपालिका कानून के दो स्वायत्व क्षेत्रों के बीच व्यवस्थित विशिष्टता कुछ हद तक दुर्बोध्य हो गई।" भारतीय पद्धति के विशेष सन्दर्भ में व्याख्या कीजिए। प्रथा एवं सन्धियों से उद्भूत अन्तर्राष्ट्रीय वैधिक नियम कैसे घरेलू एजेन्सियों के कार्यकलापों को प्रभावित करते हैं ?

"Due to increasing penetration of international legal rules within the domestic systems, the distinction maintained between two autonomous zones of international and municipal law has been somewhat blurred."

Explain with special reference to Indian practice. How international legal rules emanating from customs and treaties, influence the actions of domestic agencies ? 10

Q. 5(b) बहुपार्श्वीय संधि समापन करते समय एक राष्ट्र कुछ प्रतिबंध (शर्त) रख सकता है तथा अन्य राष्ट्र उन शर्त/शर्तों को, संधि के उद्देश्य एवं अखण्डता को किसी प्रकार विपन्नता में डाले बिना स्वीकार या अस्वीकार कर सकते हैं।

उपरोक्त कथन के संदर्भ में संधि कानून में प्रतिबंध की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता की चर्चा कीजिए।

While concluding a multilateral treaty, a State can make reservation(s) and the other State(s) may accept or reject such reservation(s) without jeopardising the object and integrity of the treaty.

Discuss the need and relevance of reservations in treaty law in the light of above statement. 10

Q. 5(c) महाद्वीपीय शेल्फ, एकांतिक आर्थिक क्षेत्र एवं खुला सागर पर तटीय राष्ट्र के अधिकारों एवं कर्त्तव्यों को जैसे समुद्र के कानून (III), 1982 पर राष्ट्रसंघ अभिसमय के प्रावधानों के अधीन परिभाषित है, समझाइये।

Explain the rights and duties of coastal state over continental shelf, exclusive economic zone and high seas as defined under the provisions of UN Convention on Law of Sea (III), 1982. 10

Q. 5(d) मत संख्या 2 (Opinion No. 2) में, यूगोस्लाविया पर "The Arbitration Commission of European Conference" ने स्पष्ट शब्दों में ये उच्चारण किया कि "यह भली-भांति प्रतिष्ठित है कि परिस्थिति जैसी भी हो, स्व-निर्धारण के अधिकार में, 'स्वतन्त्रता प्राप्तिकाल में विद्यमान सीमान्त प्रदेशों में किसी प्रकार के परिवर्तन' शामिल नहीं होंगे (Uti possidetis juris) सिवाय (व्यतिक्रम) यह कि संश्लिष्ट राष्ट्र अन्यथा (पक्षांतर) एकमत हों।"

कम से कम एक प्रकृत घटना (नजीर) की सहायता से उभय अन्तर्राष्ट्रीय संविदाओं में अन्तर्भुक्त मानव अधिकार के रूप में स्व-निर्धारण के सिद्धान्त की वर्तमानकालीन प्रासंगिकता को स्पष्ट कीजिए।

The Arbitration Commission of European Conference on Yugoslavia emphasised in opinion no. 2 that "it is well established that whatever the circumstances, the right to self-determination must not involve changes to existing frontiers at the time of independence (Uti possidetis juris) except where the states concerned agree otherwise."

Explain the present day relevance of principle of self-determination as a human right incorporated in both the international covenants with the help of at least one actual instance. 10

Q. 5(e) "किसी व्यक्ति द्वारा ऐसे देश से जिससे उसका प्रमापिक संबंध नहीं है, प्राप्त नागरिकता को मान्यता देने के लिए कोई राज्य बाध्य नहीं होते।"

[Nottebohm case (second phase) ICJ, 1955]

उपरोक्त कथन के संदर्भ में "राष्ट्रीयता" की अवधारणा एवं इसके अर्जन को उपयुक्त घटनाओं की सहायता से समझाइये।

"States are not under a duty to recognize a nationality acquired by a person who has no genuine link or connection with the naturalizing state."

[Nottebohm case (second phase) ICJ, 1955]

In the light of above statement, explain the concept of 'nationality' and its acquisition with the help of suitable instances. 10

Q. 6(a) "रूढ़िजन्य विधि के सार की जानकारी प्राथमिकत: विद्यमान पद्धति एवं राज्यों के 'opinio juris' में खोजनी चाहिए।" उपरोक्त कथन के संदर्भ में एवं वाद कानून का उल्लेख करते हुए, अन्तर्राष्ट्रीय कानून के स्रोत के रूप में एक विशिष्ट प्रथा को ग्रहण करने में वस्तुनिष्ठ एवं व्यक्तिनिष्ठ तत्वों के बीच पारस्परिक प्रभाव को समझाइये।

"The substance of customary law must be looked into primarily in actual practice and 'opinio juris' of the States." In the light of above statement and by referring to case law, explain the interplay between objective and subjective elements in acceptance of a particular custom as a source of international law. 25

Q. 6(b) "राष्ट्रीयता के लिए वैधिक जरूरतों को सम्पादन करने वाले एक नये राष्ट्र को अन्तर्राष्ट्रीय कानून के अधीन मान्यता देने के लिए राष्ट्रसमूह कर्तव्य बाध्य है किन्तु ऐसे कर्तव्य की विद्यमानता राष्ट्रों के पूर्व नजीर एवं प्रथाओं द्वारा समर्थित नहीं होती। मान्यता देने या न देने में राष्ट्र के निर्णय अत्यावश्यक नीति का विषय है जिसको तय करने के लिए प्रत्येक राष्ट्र स्वयं अधिकृत है।" न्यायसंगत (de facto) एवं कानूनन (de jure) मान्यता के सम्बन्ध में घटनाओं की सहायता से, तर्क व सामंजस्य द्वारा बताइए कि राष्ट्र की मान्यता सम्बन्धी लाउटरपैक्ट (बाध्यतामूलक) एवं पोदेस्टा कॉस्टा (दक्षतात्मक) द्वारा दिए गये इन दो कथनों (चरम मतवादों) में कौन-सा अधिक उपयुक्त है ?

"States are subject to a duty under International Law to recognise a new State fulfilling the legal requirements of Statehood, but the existence of such a duty is not borne out by the weight of precedents and practices of States. The decision of a State in according or withholding recognition is a matter of vital policy that each State is entitled to take by itself." Reconcile and argue which of these two statements (extreme views) regarding recognition of a State given by Lauterpacht (obligatory) and by Podesta Costa (Facultative) is more appropriate, with the help of instances in regard to *de facto* and *de jure* recognition.

25

Q. 7(a) अन्तर्राष्ट्रीय कानून में "आवश्यकता" एवं "अनुपातिकता" अवधारणाएं आत्म-रक्षा के केन्द्र हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ चार्टर एवं 'आसन्न आक्रमण तथा शास्त्रसज्जा में उन्नति' के कारण 'अधिकारात्मक' या 'प्रत्याशी' आत्म-रक्षा में इनके विस्तारण के निकटवर्तिता प्रवृत्ति के संदर्भ में व्याख्या कीजिए।

The concepts of 'necessity' and 'proportionality' are at the heart of self-defence in International Law. Explain, in the light of UN Charter and recent trend of extending these to 'pre-emptive' or 'anticipatory' self-defence due to 'the imminence of attacks and advancement in armaments'.

25

Q. 7(b) तीन व्यक्तियों (L, M एवं N) का एक दल देश-A के नागरिक हैं, A के प्रमुख अन्वेषक एजेन्सी के अधिकारी के रूप में मिथ्या परिचय देकर एक विशाल ज्वैलरी दुकान में डकैती करने के बाद देश-B में पलायन करते हैं जहां उनको आश्रय दिया जाता है। देश-A की सरकार देश-B को उनके बीच प्रत्यर्पण संधि की शर्तों के अनुसार L, M एवं N को प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध करती है। देश-B इंकार करता है। देश-A देश-B में गुप्तचर भेजता है, जो L, M एवं N को हरण कर ले आते हैं एवं देश-A में न्यायालय के सामने उनको प्रस्तुत करते हैं। 'A' द्वारा बल प्रयोग के विरुद्ध 'B' ICJ के पास जाता है। तैयार कीजिए : (i) A के लिए संक्षिप्त तर्कावली, (ii) B के लिए संक्षिप्त तर्कावली, (iii) न्यायालय के अभिमत।

A group of three men (L, M and N) citizens of country A, posing as officers of premier investigating agency of A, rob a huge jewellery shop and then flee away to country B, where they are granted asylum. Government of A, requests B to extradite L, M and N in terms of extradition treaty between them. B declines. A sends spies to B who abduct L, M and N and who produce them before the Court in A. 'B' approaches ICJ against use of force by 'A'. Prepare (i) A brief of arguments for A, (ii) A brief of arguments for B, (iii) Opinion of the Court.

25

Q. 8(a) संयुक्त राष्ट्रसंघ चार्टर (UN Charter) के परिच्छेद-VI अन्तर्राष्ट्रीय कलह के शांतिपूर्ण समाधानार्थ समर्पित हैं। उल्लेखित विधियों की चर्चा कीजिए एवं इस सम्बन्ध में सुरक्षा परिषद एवं महासभा की भूमिका स्पष्ट कीजिए एवं अध्याय-VII में उल्लेखित उपायों के आश्रय लिए बिना उक्त समाधान द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका को भी स्पष्ट कीजिए।

Chapter VI of UN Charter is devoted to peaceful settlement of International Disputes. Discuss the methods mentioned and explain the role of Security Council and General Assembly in this regard, and the role such settlement plays in obviating the need to resort to Chapter VII measures. 25

Q. 8(b) यूरोपीय संघ (European Union) के एक सदस्य राष्ट्र को निम्नलिखित के बारे में प्रत्यक्ष-दर्शन हुआ है :

सेनावाहिनी द्वारा शासन व्यवस्था दखल के परिणामस्वरूप बहुविस्तारित अराजकता, सर्वप्रकार के मीडिया एवं संचार माध्यम में प्रतिबन्धकता, बहिष्कृत नेता से हमदर्दी रखनेवाले नागरिकों पर आक्रमण व उनकी हत्याएं, ईंधन (fuel) एवं खाद्य-सामग्री जैसे उपभोग्य वस्तु पर कठोर राशनिंग एवं नियंत्रण तथा इसके परिणामस्वरूप प्रचण्ड मुद्रास्फीति। मानव अधिकार के इन गंभीर उल्लंघनों के संदर्भ में निम्नोक्त की भूमिका का परीक्षण कीजिए :

(i) सुरक्षा परिषद

(ii) मानव अधिकार के यूरोपीय न्यायालय।

A member of European Union has witnessed widespread disturbances, consequent upon a military *coup*, including censorship on all forms of media and communication, targeting civilians sympathetic with the ousted leader by assaulting and killing, severe rationing and control on essential commodities such as fuel and food resulting into galloping inflation. In the light of these grave violations of human rights, examine the role of :

(i) Security Council

(ii) European Court of Human Rights. 25

××

CS (Main) Exam : 2014 वियोज्य DETACHABLE

विधि (प्रश्नपत्र I)

292

LAW (Paper I)

समय : तीन घण्टे Time Allowed : Three Hours	अधिकतम अंक : 250 Maximum Marks : 250

प्रश्नपत्र सम्बन्धी अनुदेश

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश ध्यानपूर्वक पढ़ें ।

कुल **आठ (8)** प्रश्न दो **खंडों** में दिए गए हैं तथा वह **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों भाषाओं में छपे हुये हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पांच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न क्रमांक **1** एवं **5** अनिवार्य हैं । शेष प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम से कम **एक** प्रश्न चुनते हुए **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक प्रश्न के अंत में सूचित हैं ।

प्रवेश-पत्र में प्राधिकृत माध्यम में उत्तर लिखना आवश्यक है तथा यह क्यूसीए (Question-cum-Answer) पुस्तिका में निर्दिष्ट जगह पर उल्लेख करना आवश्यक है । प्राधिकृत माध्यम के अलावा अन्य माध्यम में लिखे गये उत्तरों को अंक नहीं दिये जायेंगे ।

प्रश्नों के उत्तर निर्दिष्ट किये गये शब्द संख्या के अनुसार होना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तर क्रमिक विन्यास में गिने जायेंगे । नहीं काटे गए प्रश्न के उत्तर को भी गिनती में लिया जायेगा यद्यपि उसके उत्तर आंशिक रूप में दिए गए हों । उत्तर-पुस्तिका में कोई पन्ना या पन्ना के अंश अगर खाली हैं तो उसे/उन्हें स्पष्ट रूप से काट देना जरूरी है ।

QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.

There are EIGHT questions divided into two SECTIONS and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question No. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE from each section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in chronological order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the answer book must be clearly struck off.

खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में होने चाहिए :
Answer the following (each answer should be in about 150 words) :

1.(a) आपके विचार में हमारे संविधान का स्वरूप/प्रकृति क्या है — परिसंघीय, ऐकिक अथवा अर्ध-परिसंघीय ? प्रारूपण समिति (ड्राफ्टिंग कमेटी) के सदस्यों ने इसको परिसंघीय कहा है, परंतु अनेक अन्य इस अभिधान (टाइटल) का प्रतिवाद करेंगे । इस कथन का समालोचनापूर्वक परीक्षण कीजिए ।
What do you think is the form/nature of our Constitution — Federal, Unitary or Quasi-federal ? The Members of the Drafting Committee call it federal, but many others would dispute this title. Critically examine the statement. 10

1.(b) 'संवैधानिकता' से क्या तात्पर्य है ? 'संवैधानिकता' से भारत की परियुक्ति (ट्राइस्ट) और 'संवैधानिक शासन' के संदर्भ में, इस संकल्पना को, इसके नकारात्मक और सकारात्मक दोनों पक्षों में, स्पष्ट कीजिए ।
What is 'Constitutionalism' ? Explain the said concept both in its negative and positive aspects in the context of India's tryst with 'Constitutionalism' and 'Constitutional Governance'. 10

1.(c) अनुच्छेद 13 न्यायपालिका को, और विशेषकर उच्चतम न्यायालय को, मूल अधिकारों का संरक्षक, संरक्षी और निर्वचक बनाता है । यदि कोई विधि मूल अधिकार के असंगत हो, तो यह न्यायालयों को उस विधि को 'शून्य' (वौएड) घोषित करने की शक्ति प्रदान करता है और साथ ही साथ ऐसा करने की बाध्यता अधिरोपित करता है । चर्चा कीजिए ।
Article 13 makes the judiciary, and especially the Apex Court, as a guardian, protector and the interpreter of the Fundamental Rights. It confers a power as well as imposes an obligation on the Courts to declare a law void if it is inconsistent with a Fundamental Right. Discuss. 10

1.(d) उच्चतम न्यायालय की 'विशेष इजाज़त अधिकारिता' की व्याप्ति को, जैसे कि उसने इसको प्रतिपादित किया है, स्पष्ट कीजिए ।
Explain the scope of the 'Special Leave Jurisdiction' of the Supreme Court as expounded by it. 10

1.(e) 'शक्तियों के पृथक्करण' के सिद्धांत का परीक्षण कीजिए । साथ ही भारत में इस सिद्धांत की प्रासंगिकता का उल्लेख कीजिए ।
Examine the doctrine of separation of powers. Also mention the relevance of this doctrine in India. 10

2.(a) 'उचित अवसर' की संकल्पना के 'पदावधि प्रसादपर्यन्त' के सिद्धांत पर एक संवैधानिक परिसीमा होने के नाते, संसद या राज्य विधान-मंडल 'उचित अवसर' की विषय-वस्तु की परिभाषा करते हुए और अभियुक्त सरकारी कर्मचारी को कथित अवसर प्रदान करने की कार्यविधि निर्धारित करते हुए, एक विधि का निर्माण कर सकता है । अग्रनिर्णयों का उल्लेख करते हुए इस संकल्पना को स्पष्ट कीजिए ।
The concept of 'Reasonable Opportunity' being a constitutional limitation on the doctrine of 'Tenure Pleasure', Parliament or State Legislature can make a law defining the content of 'Reasonable Opportunity' and prescribing procedure for affording the said opportunity to the accused government servant. Explain the concept with reference to leading cases. 20

2.(b) 'दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार' के अर्थ को, जैसा कि उच्चतम न्यायालय ने पापानाशम श्रमिक संघ बनाम मदुरा कोट लिमिटेड (ए.आई.आर. 1995 एस.सी. 2200) में उसका निर्वचन किया है, स्पष्ट कीजिए और पूरी तरह समझाइए । इस संबंध में, माननीय उच्चतम न्यायालय के द्वारा निर्धारित मार्गदर्शी सिद्धांतों का समालोचनापूर्वक विश्लेषण कीजिए ।
Explain and elucidate the meaning of the 'Right to personal liberty' as interpreted by the Supreme Court in Papanasam Labour Union v. Madura Coat Ltd. AIR 1995 S.C. 2200. Analyse critically the guidelines prescribed by the Hon'ble Supreme Court in this respect. 15

2.(c) शब्द 'लोक सेवक' की परिभाषा कीजिए । साथ ही भारत में लोक सेवकों की भर्ती की कार्यविधि पर चर्चा कीजिए ।
Define the term 'public servant'. Also discuss the recruitment procedure of public servants in India. 15

3.(a) भारत में राष्ट्रपति और राज्यपालों की अध्यादेश-निर्माण-शक्ति की संवैधानिक व्याप्ति का परीक्षण कीजिए और सविस्तार स्पष्ट कीजिए ।
Examine and elucidate the constitutional scope of the Ordinance making power of the President and the Governors in India. 20

3.(b) किसी पिछड़े वर्ग की पहचान केवल और अनन्य रूप से आर्थिक कसौटी के प्रमाण पर नहीं की जा सकती है । परंतु फिर भी, पिछड़ी जाति की पहचान व्यवसाय-व-आय के आधार पर, जाति की ओर देख बिना ही, की जा सकती है । राज्य द्वारा पिछड़े वर्गों को 'पिछड़ा' और 'अधिक पिछड़ा' के रूप में श्रेणीबद्ध करने पर कोई संवैधानिक पाबंदी नहीं है । क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? कारण बताइए ।

A backward class cannot be identified only and exclusively with reference to economic criterion. A backward class may, however, be identified on the basis of occupation-cum-income without any reference to caste. There is no constitutional bar in the State categorising the backward classes as 'backward' and 'more backward'. Do you agree with the statement ? Give reasons. 15

3.(c) 'लोक हित मुकदमेबाजी' से क्या तात्पर्य है ? मुकदमेबाजी के इस रूप के क्या प्रमुख पक्ष हैं ? साथ ही इस प्रकार की मुकदमेबाजी की परिसीमाओं पर चर्चा कीजिए।
What is 'Public Interest Litigation' ? What are the major facets of this form of litigation ? Also discuss the limitations of this type of litigation. 15

4.(a) 'संविधानी शक्ति', 'संशोधनकारी शक्ति' और 'विधायी शक्ति' की परिभाषा कीजिए और उनके बीच विभेदन कीजिए। उदाहरण पेश कीजिए।
Define and distinguish between 'Constituent power', 'Amending power' and 'Legislative power'. Give illustrations. 20

4.(b) क्या आप इस कथन से सहमत हैं कि "सभी मानव अधिकार भारत के संविधान द्वारा संरक्षित और मान्यताप्राप्त मूल अधिकार हैं।" कानूनी उपबंधों और निर्णयजन्य विधि का उल्लेख करते हुए, इस पर चर्चा कीजिए।
Do you agree with the statement that "all human rights are fundamental rights protected and recognised by the Constitution of India". Discuss with reference to statutory provisions and case laws. 15

4.(c) जैसे कि वे भारत के संविधान में दिए गए हैं, मूल कर्तव्य गिनाइए। साथ ही, कालांतर में भारत के संविधान में मूल कर्तव्यों को सम्मिलित किए जाने के पीछे के तर्काधार पर चर्चा कीजिए।
Enumerate the fundamental duties as provided in the Constitution of India. Also discuss the rationale behind the incorporation of fundamental duties in the Constitution of India later on. 15

खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हों :
Answer the following (each answer should be in about 150 words) :

5.(a) अंतर्राष्ट्रीय विधि के आरंभ को चिह्नित करने के लिए इतिहास में किसी परिशुद्ध तारीख या काल को नियत करना असंभव है क्योंकि आरंभ रिकार्ड किए इतिहास से पूर्व का है। समसामयिक अंतर्राष्ट्रीय समाज में अंतर्राष्ट्रीय विधि के इतिहास, प्रकृति, व्याप्ति और प्रांसगिकता का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।
It is impossible to fix a precise date or period in history to mark the beginning of International Law as it predates recorded history. Critically examine the history, nature, scope and relevance of International Law in Contemporary International Society. 10

5.(b) किसी राज्य द्वारा घमंडवश अधिकारिता (ज्यूरिसडिक्शन) स्वतः ग्रहण कर लेने पर भी, अंतर्राष्ट्रीय विधि उस पर अत्यंत कम या शून्य परिसीमा नियत करती है। 'राज्य अधिकारिता' की प्रकृति और व्याप्ति (स्कोप) स्पष्ट कीजिए। 'राज्य-अधिकारिता' के सिद्धांतों का परीक्षण कीजिए।
International Law sets little or no limitation on the jurisdiction which a particular State may arrogate to itself. Explain the nature and scope of 'State Jurisdiction'. Critically examine the principles of 'State Jurisdiction'. 10

5.(c) "मान्यता मांगने वाली सत्ता पर, अंतर्राष्ट्रीय विधि के अधीन मान्यता मिल जाना उस सत्ता को राज्य की विधिक हैसियत प्रदान कर देती है। मान्यता से महत्वपूर्ण विधिक प्रभाव प्राप्त किये जा रहे हैं।" इस कथन का समालोचनापूर्वक परीक्षण कीजिए।
Recognition confers the legal status of a State under International Law upon the entity seeking recognition. Important legal effects are being derived from recognition. Critically examine the statement. 10

5.(d) अंतर्राष्ट्रीय संधियां राज्यों या राज्य संगठनों के बीच संविदात्मक प्रकृति के करार होते हैं, जो पक्षों के बीच विधिक अधिकारों और बाध्यताओं (ऑब्लिगेशन्स) को जन्म देते हैं। इस कथन का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए और आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय विधि में संधियों के बढ़ते हुए महत्व को स्पष्ट कीजिए।
International Treaties are agreement of contractual character between States or organisation of States creating legal rights and obligations between the parties. Examine the statement critically and explain the growing importance of Treaties in Modern International Law. 10

5.(e) आप संकल्पना 'राजनयिक उन्मुक्ति' से क्या समझते हैं ? इस संबंध में अंतर्राष्ट्रीय विधि के अधीन क्या प्रावधान प्रदान किए गए हैं ? चर्चा कीजिए ।
What do you understand by the concept 'Diplomatic Immunity'. What rules are provided under International Law in this respect. Discuss. 10

6.(a) 'अंतर्राष्ट्रीय मानवहितवादी विधि' की संकल्पना को स्पष्ट कीजिए । इसको किस प्रकार प्राप्त किया जा सकता है ? आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय मानवहितवादी विधि के विकास में 'हेग' और 'जेनेवा' अभिसमयो (कनवेंशन्स) की भूमिका का समालोचनापूर्वक परीक्षण कीजिए ।
Explain the concept of 'International Humanitarian Law'. How can it be achieved ? Critically examine the role of 'The Hague' and 'The Geneva Convention' in the development of Modern International Humanitarian Law. 20

6.(b) "अनेक पहलुओं में 'ट्रिप्स' करार पारंपरिक 'गैट' उपागम से आगे निकल जाता है और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की विधि का और ज्यादा विकास करता है ।" बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार संबंधित पक्षों पर करारों (ट्रिप्स) की महत्वपूर्ण उपलब्धि की परीक्षा कीजिए ।
'In several respects the TRIPS Agreement goes beyond the traditional GATT approach and further develops the law of International Trade'. Examine the important achievement of the Agreements on Trade Related Aspects of Intellectual Property Rights. (TRIPS). 15

6.(c) 'मत्स्य क्षेत्र' से क्या तात्पर्य है ? यह 'अनन्य आर्थिक क्षेत्र' से किस प्रकार भिन्न है ? क्या आप इस कथन से सहमत हैं कि 'तटवर्ती राज्य की अपने भूभागीय समुद्र के निकट महासमुद्र (हाई सी) के किसी भी क्षेत्र में जीवित संसाधनों की उत्पादकता के अनुरक्षण में विशेष रुचि होती है' । सविस्तार स्पष्ट कीजिए ।
What is 'fishery zone' ? How it is different from 'Exclusive Economic Zone' ? Do you agree with the statement that 'a coastal state has a special interest in the maintenance of the productivity of the living resources in any area of the high seas adjacent to its territorial sea'. Elucidate. 15

7.(a) 'विश्व व्यापार संगठन' के उद्देश्य, संरचना और प्रकार्यण क्या हैं ? क्या डब्ल्यू.टी.ओ. पर हस्ताक्षर करना और अनुसमर्थन करना (रैटिफाइंग) भारत की संसदीय स्वायत्तता को क्षति पहुँचाता है ? चर्चा कीजिए ।
What are the objectives, structure and functioning of World Trade Organisation ? Does signing and ratifying WTO undermine the Parliamentary Autonomy of India ? Discuss. 20

7.(b) वायुक्षेत्र (एयर स्पेस) पर संप्रभुता से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय विधि के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए । बाह्य अंतरिक्ष (आउटर स्पेस) के उपयोग और दुरुपयोग के विधिक नियंत्रण की गुंजाइश का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।
Trace the development of International Law relating to sovereignty over air-space. Critically examine the scope of legal control of use and abuse of outer space. 15

7.(c) 'मध्यक्षेप' (इंटरवैन्शन) की परिभाषा कीजिए और उन आधारों का उल्लेख कीजिए जिनके अधीन यह न्यायोचित होता है । अंतर्राष्ट्रीय विधि के इस सिद्धांत के उल्लंघनों पर भी प्रकाश डालिए ।
Define intervention and mention the grounds under which it is justified. Also throw light on the violations of this principle of International Law. 15

8.(a) "जब प्रत्यर्पण (ऐक्स्ट्राडीशन) आरंभ हो जाता है, तब शरण (ऐसाइलम) को विराम लगता है ।" टिप्पणी कीजिए । साथ ही अग्रणी केसों के उल्लेख के साथ प्रत्यर्पण के विभिन्न सिद्धांतों को स्पष्ट कीजिए ।
"Asylum stops as it were when extradition begins". Comment. Also explain the various principles of extradition with reference to leading cases. 20

8.(b) अंतर्राष्ट्रीय विधि और राष्ट्रीय विधि (म्यूनिसिपल लौ) के बीच संबंध के संदर्भ में, विरुद्धता (अपोज़ेबिलिटी) की संकल्पना की परिभाषा कीजिए । साथ ही, भारत के विशेष उल्लेख के साथ, आधुनिक काल में, इस संकल्पना की प्रासंगिकता पर चर्चा कीजिए ।
Define the concept of 'opposability' in the context of relationship between International Law and Municipal Law. Also discuss the relevance of this concept in modern times with special reference to India. 15

8.(c) समुद्र की विधि पर सं.रा. (यू.एन.) अभिसमय 1982 के अधीन 'बेस लाइन' का क्या महत्व और अर्थ है ? इसका निर्धारण किस प्रकार किया जाता है ?
What is the importance and meaning of 'Base Line' under UN convention on Law of Sea 1982 ? How is it determined ? 15

CS (Mai[illegible]) Exam 2015

C-AVZ-O-MBXA

विधि / LAW

प्रश्न-पत्र I / Paper I

निर्धारित समय : **तीन** घंटे *Time Allowed : **Three** Hours*	अधिकतम अंक : **250** *Maximum Marks : **250***

प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :

*इसमें आठ प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

